(ग) गत पांच वर्षों के दौरान उपर्युक्त जिलों में पेट्रोल/डीजल और रसोई गैस एजेन्सियों के कितने लाइसेंस रद्द किये गये ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री श्री बी० शंकरानन्द : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

उत्तर प्रदेश में रेल परियोजनाएं

47. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान उत्तर प्रदेश में शुरू की गयी रेल परियोजनाओं के नाम क्या हैं ;

(ख) उनमें से प्रत्येक परियोजना को पूरा करने की समय सूची क्या है और उनकी अनुमानित लागत कितनी-कितनी है ;

(ग) उन परियोजनाओं और उनके अवस्थान का ब्यौरा क्या है जहां वे शुरू की गई है ;

(घ) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में रेल परियोजनाओं के निष्पादन में विलम्ब हुआ है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) आठवीं पंचवर्षीय योजना में उत्तर प्रदेश से संबंधित कौन-कौन सी रेल परियोजनाएं शामिल की गई हैं और उनकी अनुमानित लागत कितनी है और किस वर्ष में प्रत्येक परियोजना पूरी कर दी जायगी ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) से (ग) उत्तर प्रदेश में सातवीं पंचवर्षीय योजना में शुरू की गई प्रमुख परियोजनाएं, उनकी समय अनुसूची तथा अनुमानित लागत सहित, संलग्न विवरण में दी गई हैं । (**तोबे वेड्डिए**)

(घ) परियोजनाओं पर संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार प्रगति हुई

(ङ) आठवीं योजना को अन्तिम रूप नहीं दिया गया है ।

विवरण

उत्तर प्रदेश में सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान शुरू की गई रेल परियोजनाएँ, उनकी समयसूची तथा अनुमानित लागत

क्रम सं०	परियोजना का नाम	वर्ष, जिसमें कार्य शुरू किया गया	अनुमानित (करोड़ रु. में)	समय अनुसूची
	नई लाईनें			
1.	गुना-इटावा . .	1985–86	256	संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करेगी
	आमान परिवर्तन			
2.	छपरा-औड़िहार . .	1989–90	86	संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करेगी

क्रम सं०	परियोजना का नाम	वर्ष, जिसमें कार्य शुरू किया गया	अनुमानित लागत (करोड़ रु. में)	समय-अनुसूची
रेल विद्युतीकरण				
3.	टूण्डला-आगरा-बयाना (उत्तर प्रदेश में पड़ने वाले खंड का भाग)	1985–86	22.96	मार्च '91
कंप्यूटरीकरण				
4	लखनऊ			
	यात्री आरक्षण प्रणाली	1988–89	8.72	पूरी हो चुकी हैं
5.	गोरखपुर			
	यात्री आरक्षण प्रणाली	1989–90	2.00	पूरी हो चुकी हैं
6.	माल गाड़ी परिचालन सूचना प्रणाली उत्तर रेलवे	1987–88	320	1994–95
कारखाना और शेड				
7.	खानआलमपुरा			
	माल डिब्बा मरम्मत लाइनों में सुधार	1985–86	1.67	पूरी हो चुकी हैं
8.	मुगलसराय			
	मौजूदा फ्लैश आउट झलाई संयंत्र का बदलाव	1986–87	5.89	30.4.92
9.	मुगलसराय			
	120 बी० ओ० एक्स० एन० रेकों के लिए प्राथमिक अनुरक्षण डिपो का विकास	1986–87	6.22	पूरी हो चुकी है
10.	गाजियाबाद			
	बेड़ों में 100 से 120 की वृद्धि करने के लिए विद्युत लोको शेड का विस्तार	1986–87	2.27	पूरी हो चुकी है
11.	चारबाग			

क्रम सं०	परियोजना का नाम	वर्ष जिसमें कार्य शुरू किया गया	अनुमानित लागत (करोड़ रु. में)	समय-अनुसूची
11.	चोरबाग बिजली रेल इंजनों के आवधिक ओवर हाल की सुविधाओं का सृजन . . .	1986-87	4.0	पूरी हो चुकी है
12	कलट्टरबकगंज 50 रेल इंजनों के लिए डीजल शेड का निर्माण	1986-87	6.0	पूरी हो चुकी हैं
13	मुगलसराय-बिजली रेल इंजनों के लिए अतिरिक्त अनुरक्षण सविधाएं	1987-88	3.66	31.12.92
14	इलाहाबाद-सवारी डिब्बा अनुरक्षण सुविधाओं का आधुनिकीकरण . .	1989-90	3.64	पूरी हो चुकी है
15	वाराणसी-डीजल रेल इंजन कारखाना निर्माण क्षमता बढ़ा कर 150-170 इंजन करना	1989-90	19.49	31.3.94
सिगनल और दूरसंचार				
16	मुगलसराय- रूट रिले अन्तर्पाशन .	1985-86	14.19	दिसम्बर, 93
17	मुगलसराय सोमनगर केन्द्रीकृत यातायात नियंत्रण (जिसका भाग उ०प्र० पड़ता है) .	1987-88	2.09	मार्च 94
18	वाराणसी रूट रिले अन्तर्पाशन .	1987-88	8.98	दिसम्बर 92
19	सहारनपुर रुट रिले अन्तर्पाशन .	1988-89	5.98	मार्च 92
20	दिल्ली-मुगलसराय चल रेडियो संचार नियंत्रण के लिए गाड़ी .	1987-88	15.35	मार्च 05
21	टुण्डला-मुगलसराय मौजूदा सूक्ष्मतरंग सम्पर्क का 23 एम बिट डिजिटल सूक्ष्मतरंग से बदलाव	1989-90	30.08	मार्च 93